# अध्याय –5
# पंचवर्षीय योजनाएं

5.1 सामाजिक वानिकी परियोजना : वर्ष 1952 के पूर्व के वर्षों में वनों के संरक्षण एवं विकास हेतु कोई ध्यान नही दिया गया तथा वनों से संबंधित, जो भी कार्य हुए उनमें वन मार्गों का निर्माण, पुलिया निर्माण व आवासीय भवनों का निर्माण ही मुख्य कार्य थे। यह सोच प्रथम दो पंचवर्षीय योजनाओं (1950–51 से 1955–56 व 1956–57 से 1960–61) तक रही। इसके बाद की पंचवर्षीय योजनाओं में वनीकरण व भूमि एव जल संरक्षण योजनाओं के अन्तर्गत कार्यों को प्राथमिकता दी गयी। छठी एवं सातवीं पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान उ0 प्र0 में विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित सामाजिक वानिकी परियोजना के अन्तर्गत बड़ी मात्रा में वनीकरण कार्य किए गये। इस योजना के अन्तर्गत वन भूमि के साथ--साथ ग्राम समाज भूमि, सड़कों व रेल मार्गों के किनारे उपलब्ध भूमि में बड़ी मात्रा में वृक्षारोपण किए गये।

5.2 प्रदेश व विभाग का आयोजनागत व्यय– वन विभाग को राजस्व का स्रोत मानते हुये विभागीय कार्यों हेतु उसी अनुपात में बजट उपलब्ध कराया जाता रहा है। यदि प्रथम पंचवर्षीय योजना में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत वन विभाग को उपलब्ध कराये गये आयोजनागत बजट की तुलना, प्रदेश के कुल आयोजनागत बजट से की जाय, तो यह औसतन 1 से 2 प्रतिशत के लगभग आता है, जिससे विभाग की उपेक्षा का अनुमान लगाया जा सकता है। विभागीय बजट का प्रादेशिक बजट से तुलनात्मक विवरण सारणी 5.1 में दिया गया है।

सारणी – 5.1

प्रदेश के कुल आयोजनागत व्यय के सापेक्ष वन विभाग का आयोजनागत व्यय

| योजना अवधि | उत्तर प्रदेश का कुल आयोजनागत व्यय करोड़ रु0 मे | वन विभाग का कुल आयोजनागत व्यय करोड़ रु0 में | स्तम्भ 3 का 2 से प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 प्रथम योजना काल 1951–56 | 153 | 1.39 | 0.91 |
| 2 द्वितीय योजना 1956–61 | 233 | 2.68 | 1.15 |
| 3 तृतीय योजना 1961–66 | 561 | 9.45 | 1.68 |
| 4 तीन वार्षिक योजनाए 1966–69 | 455 | 7.16 | 1.57 |
| 5 चतुर्थ योजना 1969–74 | 1,165 | 17.20 | 1.48 |
| 6 पंचम योजना 1974–79 | 2,909 | 29.75 | 1.02 |
| 7 वार्षिक योजना 1979–80 | 829 | 11.36 | 1.37 |
| 8 छठी योजना 1980–85 | 6,594 | 109.59 | 1.66 |
| 9 सप्तम योजना 1985–90 | 11,949 | 286.04 | 2.39 |
| 10 दो वार्षिक योजनाए 1990–92 | 6,904 | 168.42 | 2.44 |
| 11 अष्टम योजना 1992–97 | 21,680 | 377.97 | 1.74 |
| 12 नवीं योजना 1997–02 | 28,309 | 571.35 | 2.02 |
| 13 वार्षिक योजना 2002–03 | 6,597 | 60.07 | 0.91 |
| 14 वार्षिक योजना 2003–04 | 3,276 | 53.50 | 1.63 |
| 15 वार्षिक योजना 2004–05 | 5,098 | 64.69 | 1.27 |
| 16 वार्षिक योजना 2005–06 | 7,509 | 134.87 | 1.80 |
| 17 वार्षिक योजना 2006–07 | 9,698 | 178.13 | 1.82 |
| 18 वार्षिक योजना 2007–08 | 11,744 | 235.55 | 2.01 |
| 19 वार्षिक योजना 2008–09 | 20,919 | 361.96 | 1.73 |
| 20 वार्षिक योजना 2009–10 | अप्राप्त | 208.96 | – |
| 21 वार्षिक योजना 2010–11 | अप्राप्त | 131.30 | – |
| 22 वार्षिक योजना 2011–12 | अप्राप्त | 150.16 | – |
| 23 वार्षिक योजना 2012–13 | अप्राप्त | 188.14 | – |
| 24 वार्षिक योजना 2013–14 | अप्राप्त | 257.09 | – |
| 25 वार्षिक योजना 2014–15 | अप्राप्त | 325.22 | – |
| 26 वार्षिक योजना 2015–16 | | 360.76 | |

5.3 राजस्व एवं व्ययः प्रभाग के वनों को राजस्व के स्रोत के रूप में ही देखा गया है। प्रभाग में उपलब्ध सभी वन उपज का अधिकतम विदोहन किया गया, परन्तु इनकी सतत आपूर्ति बनाये रखने हेतु कोई उल्लेखनीय प्रयास नही किया गया। फलस्वरूप समय के साथ पहले तो राजस्व में वृद्धि हुई है, परन्तु एक निश्चित अवधि के पश्चात् प्रभाग के राजस्व मे कमी हुई।

### सारणी 5.2
### वर्षवार प्रभाग में प्राप्त राजस्व

| वर्ष | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 20015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| राजस्व/ दरें | 20.06 | 18.83 | 29.78 | 45.81 | 67.55 | 81.51 | 80.37 | 91.19 | 73.48 | 115.99 |

प्रभाग से प्राप्त सूचना के आधार पर

5.4 चालू योजनाएं: दसवीं व ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत जो विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की गयी/की जा रही हैं, उनमें से मुख्य निम्न प्रकार हैं–

1. जिला योजना के अन्तर्गत
   (क) सामाजिक वानिकी
   (ख) औद्योगिक एवं पल्पउड वृक्षारोपण,
   (ग) शहरी क्षेत्र में सामाजिक वानिकी
   (घ) एस0 सी0 एस0 पी0
   (ड) टी0 एस0 पी0
2. विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित "उत्तर प्रदेश वानिकी परियोजना" (1998–2003)
3. राष्ट्रीय वनीकरण योजना
4. अवनत वनों का सुदृढ़ीकरण

1 राज्य सेक्टर के अन्तर्गत
   (क) तेरहवें वित्त आयोग के संस्तुतियों का क्रियान्वयन
   (ख) वृक्षारोपण विस्तार योजना
   (ग) हाई वैल्यू प्लांटेशन
   (घ) वृक्षारोपण विस्तार योजना

2 मनरेगा

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग
इलाहाबाद

———000———